# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/3549
दिनांक : 10.04.2021

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय/महोदया,

कृपया मा0 कुलाधिपति महोदया/श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश द्वारा दिनांक 09.04.2021 को विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के 09 जिलों के अर्ह लोगों को (जो कि 45 वर्ष से अधिक आयु के हैं), कोविड–19 वैक्सीनेशन लगाये जाने के सम्बन्ध में प्रेरित करने एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थानों के शिक्षकों, छात्र/छात्राओं एवं कर्मचारियों को वर्क फोर्स बनाये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया।

उक्त के अनुपालन में मा0 कुलपति जी द्वारा दिनांक 10.04.2021 को दोपहर 12:00 बजे विश्वविद्यालय से सम्बद्ध **विधि, मैडिकल, आयुर्वेदिक, नर्सिंग एवं डैन्टल कालेजों के प्राचार्यों** की ऑन लाईन माध्यम से एक बैठक आहूत की गई, जिसके अन्तर्गत दिये गये सुझावों के आलोक में आपको निम्नलिखित आदेश निर्गत किए जाते हैं :–

01. आप अपने–अपने महाविद्यालय/संस्थान के समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों, छात्र/छात्राओं (अर्ह व्यक्तियों जिनकी आयु 45 वर्ष से अधिक है), का कोविड–19 वैक्सीनेशन करवाकर उसके सम्बन्ध में सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
02. महाविद्यालय/संस्थान के आस–पास के क्षेत्र में कोविड–19 वैक्सीनेशन के प्रचार–प्रसार हेतु क्या–क्या उपाय किये गये है, की सूचना उपलब्ध करायें।
03. जिन महाविद्यालयों/संस्थानों में परीक्षायें नही हो रही हैं, वे अपनी एन0एस0एस0 यूनिट एवं एन0सी0सी0 यूनिट के माध्यम से कोविड–19 वैक्सीनेशन के सम्बन्ध में लोगों को प्रेरित करते हुये टीकाकरण में योगदान करें एवं सम्बन्धित सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
04. महाविद्यालयों/संस्थानों में ऑन लाईन कक्षायें संचालित की जा रही हैं, आप सुनिश्चित करें कि शिक्षक ऑन लाईन कक्षायें लेने से पूर्व कुछ मिनट का समय छात्रों को अपने परिवार में अर्ह लोगो तथा आस–पास के लोगों (जों कि 45 वर्ष से अधिक आयु के हैं) को कोविड–19 वैक्सीनेशन के सम्बन्ध में प्रेरित करें।

05. पत्र के साथ संलग्न कोविड टीकाकरण प्रेरणा हेतु अंकित संदेश उचित आकार के फ्लैक्सी पर छपवाकर अपने–अपने महाविद्यालय/संस्थान के बाहर लगवांए तथा फ्लैक्सी का फोटो खींचकर विश्वविद्यालय को भिजवाएँ।

06. महाविद्यालय निम्नलिखित लिंक **https://forms.gle/gPtUXbbWstuPn4nw5** पर जाकर समस्त शिक्षकों, गैर शैक्षणिक कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को यह गूगल फार्म उपलब्ध कराएं तथा उनके लिये यह गूगल फार्म भरा जाना अनिवार्य करें।

आप सभी उपरोक्त आदेशों का अनुपालन कड़ाई से किया जाना सुनिश्चित करें, तथा उक्त बिन्दुओं से सम्बन्धित सूचना **दिनांक 12 अप्रैल, 2021 की सायं 4:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी की email ID registrar@ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

10-4-21

कुलसचिव

**संलग्नकः– कोविड टीकाकरण प्रचारण हेतु संदेश।**

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,मेरठ।
04. प्रभारी, वेबसाइट को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे गूगल फार्म के उक्त लिंक एवं कोसिड टीकाकरण संदेश आवश्यक दिशा निर्देशों के साथ वेबसाइट पर प्रकाशित करने का कष्ट करें।
05. विश्वविद्यालय, प्रेस प्रवक्ता।

कुलसचिव

# कोरोना टीकाकरण हेतु अपील

कोरोना एक महामारी है,

लेकिन इससे बचा जा सकता है।

यदि आप 45 वर्ष से अधिक आयु के हैं तो टीकाकरण हेतु निर्धारित केंद्रों पर जाकर बिना रेजिस्ट्रेशन तुरंत टीका लगवाएँ।

**अथवा**

CoWin पोर्टल या फिर आरोग्य सेतु एप के द्वारा रेजिस्ट्रेशन करवाएँ और प्राप्त समय पर टीका लगवाकर स्वयं एवं समाज को कोरोना से बचाएँ।

कोरोना वैक्सीन हेतु रजिस्ट्रेशन इस प्रकार करवाएँ:-

- www.cowin.gov.in वेबसाइट अथवा आरोग्य सेतु ऐप पर माँगी गयी जानकारी भरें।
- मोबाइल नंबर पर एसएमएस के द्वारा मिले ओटीपी की मदद से लॉग इन करें।
- वेरिफाई बटन पर क्लिक करें।
- Registration of Vaccination का पेज दिखेगा वहाँ नाम, पता, आईडी आदि भरें।
- आपको Beneficiary Reference ID मिलेगी उसे नोट कर लें।
- Register के बटन पर क्लिक करें।
- Schedule appointment बटन पर क्लिक करें।
- आपको कोविड टीकाकरण केंद्र के विकल्प दिखायी देंगे।
- अपने नजदीकी वैक्सीनेशन सेंटर, जिला, राज्य आदि को चुनें।
- चुने गए सेंटर में उपलब्ध स्थान की जानकारी आपको मिल जाएगी।
- Book बटन पर क्लिक करें।
- अपॉइंटमेंट पेज खुलेगा इसे सावधानीपूर्वक पढ़ें।
- जानकारी सही भरी होने पर confirm पर क्लिक करें आपका रजिस्ट्रेशन हो जाएगा।
- कोरोना वैक्सीन से सम्बंधित सभी जानकारी आपके फोन पर एसएमएस से आ जाएँगी।
- निर्धारित तिथियों पर चुने हुए केंद्रों पर जाकर टीका ज़रूर लगवाएँ।

स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, मास्क पहनें,

कोविड टीका पूरी तरह सुरक्षित है।

कोविड का टीका लगवाएँ.

कोविड टीका लगवाने हेतु औरों को भी प्रेरित करें।

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिवार